## पाठ 5- विशेष लेखन- स्वरूप और प्रकार

प्रश्न 1. समाचारपत्र या पत्रिका कब संपूर्ण लगती है ?

(क) जब केवल समाचार हों

(ख) जब विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं,समस्याओं के बारे में नियमित रूप से जानकारी हो

(ग) जब फीचर और आलेख हों

(घ) जब खेल समाचार हो

प्रश्न 2. किसी समाचार पत्र या पत्रिका में विभिन्न विषयों और क्षेत्रों के बारे में घटने वाली घटनाओं,समस्याओं के बारे में नियमित रूप से जानकारी क्यों दी जाती है?

(क) इससे समाचारपत्रों में विविधता आती है

(ख) समाचार पत्रों का कलेवर व्यापक होता है

(ग) पाठक विभिन्न क्षेत्रों के बारे में पढ़ना चाहते हैं

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 3. विशेष लेखन है

(क) फीचर को विशेष प्रकार से लिखना

(ख) किसी खास विषय पर सामान्य लेखन से हटकर किया गया लेखन

(ग) लेखन में विशेषण और अलंकारों का प्रयोग करना

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 4.डेस्क किसे कहते हैं

(क) अलग-अलग विषयों पर विशेष लेखन के लिए निर्धारित स्थल

(ख) जिस पर सामान रखा जाए

(ग) टेबल को

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 5. जनसंचार के किन-किन माध्यमों में डेस्क होता है?

(क) समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में  (ख) टीवी में

(ग) रेडियो चैनलों में  (घ) उपर्युक्त सभी में

प्रश्न 6. डेस्क पर काम करते हैं?

(क) संपादक  (ख) कवि

(ग) लेखक  (घ) पत्रकारों का समूह

प्रश्न 7. डेस्क पर काम करने वाले पत्रकार के समूह से अपेक्षा की जाती है?

(क) विश्व में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी हो

(ख) लेखन की विशिष्ट शैली आती हो

(ग) सरकार के प्रति जिम्मेदार हो

(घ) संबंधित विषय या क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता हो

प्रश्न 8. बीट किसे कहते हैं?

(क) संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन उनकी दिलचस्पी और ज्ञान के आधार पर करना

(ख) संगीत का क्षेत्र

(ग) गीत की ताल
(घ)  उपर्युक्त सभी

प्रश्न 9. आपकी खेल बीट होने का अर्थ है?

(क) आप खेलते हैं
(ख) विश्व स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं
(ग) आपकी दिलचस्पी और जानकारी का क्षेत्र खेल है
(घ) खेलों से आप स्वस्थ रहते हैं

प्रश्न 10. विशेष लेखन है?

(क) एक प्रकार की विशेषीकृत रिपोर्टिंग है
(ख) विषय की गहरी जानकारी है
(ग)  रिपोर्टिंग से संबंधित भाषा और शैली पर पूर्ण अधिकार है
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 11.अगर आपको प्रकृति और पर्यावरण से प्यार है और उसके विषय में आप बहुत ज्यादा जानकारी रखते हैं तो आपको कौन सी बीट मिल सकती है?

(क) खेल बीट (ख) अपराध बीट
(ग) कृषि बीट (घ) पर्यावरण बीट

प्रश्न 12. बीट का सामान्य अर्थ है?

(क) क्षेत्र (ख) खेल
(ग) पत्रकार (घ) ताल

प्रश्न 13. विशेष लेखन के क्षेत्र कौन से हैं?

(क) अपराध (ख) खेल
(ग) फिल्म-मनोरंजन (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 14. विशेष लेखन की भाषा और शैली से संबंधित कौन सा कथन सही है?

(क) विशेष लेखन की भाषा और शैली सहज और सरल होनी चाहिए
(ख) तकनीकी शब्दावली का प्रयोग होना चाहिए
(ग) उस क्षेत्र विशेष से जुड़ी शब्दावली का भी प्रयोग होना चाहिए
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 15. बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या फर्क है?

(क) बीट रिपोर्टर को अपनी बीट से जुड़ी सामान्य खबरें लिखनी होती है जबकि विशेषीकृत रिपोर्टिंग में सामान्य खबरों से आगे बढ़कर उस क्षेत्र या विषय  से जुड़ी घटनाओं का बारीकी से विश्लेषण करना होता है
(ख)  समाचार लेखन होता है
(ग)  बीट रिपोर्टिंग में किसी गीत की लय और ताल बताई जाती है
(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 16. बीट कवर करने वाले रिपोर्टर को कहते हैं?

(क) समाचार वाचक (ख) उद्घोषक
(ग) संवाददाता (घ) संपादक

प्रश्न 17. विशेष संवाददाता का दर्जा किसे दिया जाता है?

(क) बीट रिपोर्टिंग करने वाले रिपोर्टर को
(ख) विशेषीकृत रिपोर्टिंग करने वाले रिपोर्टर को
(ग) साहित्यकार को
(घ) उप संपादक को

प्रश्न 18. विशेष लेखन के तहत शामिल है?

(क) विषय विशेष पर फीचर
(ख) विषय विशेष से जुड़े साक्षात्कार
(ग) विषय विशेष से जुड़े स्तंभ लेखन
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 19. किसी भी क्षेत्र पर विशेष लेखन वह व्यक्ति कर सकता है?

(क) जो उस क्षेत्र के बारे मे ज्यादा से ज्यादा जानता हो
(ख) उसकी ताजा से ताजा सूचना उसके पास हो एवं उसके बारे में लगातार पढ़ता हो
(ग) जानकारियां और तथ्य इकट्ठे करता हो एवं उस क्षेत्र से जुड़े लोगों से लगातार मिलता हो
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 20.कारोबार एवं व्यापार क्षेत्र से जुड़ी शब्दावली है?

(क) तेजड़िए- मंदड़िए
(ख) मुद्रास्फीति
(ग) राजस्व घाटा
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 21. सर्वोच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए जज के द्वारा समाचार पत्र-पत्रिकाओं के लिए लिखा गया लेख किस श्रेणी में आएगा?

(क) बीट रिपोर्टिंग
(ख) विशेषीकृत रिपोर्टिंग
(ग) अपराध जगत की जानकारी
(घ) विश्व में बढ़ते अपराधों पर चिंता

प्रश्न 22. हर्षा भोगले, जसदेव सिंह, नरोत्तम पुरी को खेल विशेषज्ञ माना जाता है। क्योंकि

(क) वे पिछले 40 सालों से हॉकी और क्रिकेट की कमेंट्री करते आ रहे हैं
(ख) उन्हें इन खेलों के बारे में विस्तृत जानकारी है
(ग) वे खेलों की तकनीकी बारीकियां समझते हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 23. 'आवक बढ़ने से लाल मिर्च की कड़वाहट घटी' शीर्षक किस क्षेत्र से संबंधित है?

(क) कृषि
(ख) स्वास्थ्य
(ग) सामाजिक मुद्दे
(घ) अर्थ-व्यापार

प्रश्न 24. समाचार पत्र या पत्रिका के लिए विशेष लेखन का कार्य कौन कर सकते हैं?

(क) लेखक
(ख) पत्रकार
(ग) फ्रीलांसर पत्रकार
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 25. पर्यावरण और मौसम से जुड़ी खबरों की तकनीकी शब्दावली है?

(क) टॉक्सिक कचरा
(ख) ग्लोबल वार्मिंग
(ग) तूफान का केंद्र या रुख
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 26. अपनी बीट से जुड़ा कोई समाचार किस शैली में लिखा जाएगा?

(क) सीधा पिरामिड शैली
(ख) कथात्मक शैली
(ग) उल्टा पिरामिड शैली
(घ) प्रश्नोत्तर शैली

प्रश्न 27. न्यूज़पेज क्या है?

(क) विशेष लेखक के अंतर्गत लेख या टिप्पणी लिख रहे हैं तो उसकी शुरुआत किसी खबर से जोड़कर करना / किसी खबर से जोड़कर जब विशेष लेखन किया जाता है?

(ख) अखबारों में समाचार का पन्ना

(ग) उल्टा पिरामिड शैली

(घ) कथात्मक शैली

प्रश्न 28. किन क्षेत्रों में विशेषीकृत रिपोर्टिंग को प्राथमिकता दी जा रही है?

(क) रक्षा (ख) विदेश नीति

(ग) राष्ट्रीय सुरक्षा और विधि (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 29. आजकल पत्रकारिता में किस की मांग की जा रही है?

(क) सभी विषयों के जानकार लेकिन किसी खास विषय में विशेषज्ञता नहीं

(ख) किसी एक विषय में विशेषज्ञता जरूरी

(ग) समाचार लेखन में प्रवीण होना

(घ) विभिन्न भाषाओं की जानकारी

प्रश्न 30. किसी विषय में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए जरूरी है?

(क) उस विषय में वास्तविक रूचि होना

(ख) उच्चतर माध्यमिक(+2) और स्नातक स्तर पर उसी विषय में पढ़ाई करना

(ग) विषयों से संबंधित पुस्तकें खूब पढ़ना

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 31. पत्रकारीय विशेषज्ञता हासिल करने के लिए संदर्भ सामग्री जुटाकर रखनी चाहिए। संदर्भ सामग्री से तात्पर्य है?

(क) उस विषय से जुड़ी खबरों और रिपोर्टों की कटिंग करके फाइल बनाना

(ख) उस विषय के प्रोफेशनल विशेषज्ञों के लेख और विश्लेषणों की कटिंग संभाल कर रखना

(ग) उस विषय का शब्दकोश और एनसाइक्लोपीडिया अपने पास रखना

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 32. पत्रकारीय विशेषज्ञता हासिल करने संबंधी कौन सा कथन असत्य है?

(क) विशेषज्ञता एक दिन में आती है

(ख) विशेषज्ञता एक तरह से अनुभव का पर्याय है

(ग) विशेषज्ञता उस विषय में निरंतर दिलचस्पी और सक्रियता से आती है

(घ) पत्रकार की विशेषज्ञता कुछ हद तक उसके अपने सूत्रों और स्रोतों पर निर्भर करती है

प्रश्न 33. विज्ञान-प्रौद्योगिकी,विदेश ,सामाजिक मुद्दे आदि विषय किससे संबंधित हैं?

(क) खोज परक पत्रकारिता से (ख) वॉच डॉग पत्रकारिता से

(ग) उल्टा पिरामिड शैली से (घ) विशेष लेखन से

प्रश्न 34. विशेष लेखन के लिए सूचनाओं का स्रोत इनमें से कौनसा नहीं है?

(क) साक्षात्कार (ख) कहानियां

(ग) मंत्रालय के सूत्र (घ) इंटरनेट और दूसरे संचार माध्यम

प्रश्न 35. कृषि से लेकर उद्योग तक और व्यापार से लेकर शेयर बाजार  तक अर्थव्यवस्था से जुड़े सभी क्षेत्र किस क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं?

(क) कृषि क्षेत्र के अंतर्गत (ख) सामाजिक मुद्दों के अंतर्गत

(ग) कारोबार ,व्यापार और अर्थ जगत के अंतर्गत (घ) विज्ञान प्रौद्योगिकी के अंतर्गत

प्रश्न 36. आर्थिक पत्रकारिता के महत्व के बढ़ने का क्या कारण है?

(क) देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच गहरा रिश्ता होता है

(ख) अर्थ हर मनुष्य के जीवन का मूल आधार है

(ग) आर्थिक खबरों में पाठकों की गहरी रूचि होती है.

(घ)  इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 37. कारोबार और अर्थ जगत से जुड़ी रोजमर्रा की खबरें किस शैली में लिखी जाती है?

(क) कथात्मक शैली (ख) सीधा पिरामिड शैली

(ग) फीचर लेखन शैली (घ) उल्टा पिरामिड शैली

प्रश्न 38. समाचार पत्र और पत्रिकाओं में खेलों पर विशेष लेखन ,खेल विशेषांक और खेल परिशिष्ट प्रकाशित हो रहे हैं। यह किस बात की ओर संकेत करता है?

(क) खेलों में अधिकांश लोगों की रूचि है

(ख) खेल हर आदमी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है

(ग) हम में से अधिकांश के भीतर एक खिलाड़ी जरूर होता है

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 39. खेल पत्रकारिता में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए किन योग्यताओं  का होना आवश्यक है?

(क) उस खेल के बारे में आप की जानकारी और समझदारी का स्तर ऊंचा हो

(ख)  खेल के नियम या उसकी बारीकियां पता हो

(ग) किसी खिलाड़ी की तकनीक का ज्ञान हो

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 40. खेलों की रिपोर्टिंग और विशेष लेखन की भाषा और शैली कैसी होनी चाहिए?

(क) ऊर्जा से भरी हुई (ख) जोश से युक्त

(ग) रोमांचक एवं उत्साह से युक्त (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 41.खेल की खबर या रिपोर्ट के लेखन से संबंधित कौन सा कथन असत्य है?

(क) खेल की खबर का लेखन उल्टा पिरामिड शैली में शुरू होता है

(ख) खेल की खबर दूसरे पैराग्राफ से कथात्मक शैली में लिखी जाती है

(ग) खेल की खबर दूसरे पैराग्राफ से  घटनानुक्रम शैली में लिखी जाती है

(घ) खेल की संपूर्ण खबर उल्टा पिरामिड शैली में लिखी जाती है

प्रश्न 42. विशेष लेखन लिखते समय किन को ध्यान में रखा जाना चाहिए?

(क) संपादक मंडल को (ख) सरकार को

(ग) पाठक ,दर्शक या श्रोता को (घ)  उपर्युक्त सभी को

प्रश्न 43. स्पिन ,एलबीडब्ल्यू और गुगली किस खेल से संबंधित शब्दावली है?

(क)  हॉकी (ख) क्रिकेट (ग) फुटबॉल (घ) खो-खो

प्रश्न 44. समाचार पत्र में आर्थिक पृष्ठ न होने से समाचार पत्र संपूर्ण नहीं माना जाएगा। क्योंकि
(क) अर्थ यानी धन हर आदमी के जीवन का मूल आधार है
(ख) हमारे रोजमर्रा के जीवन में धन का खास महत्व है
(ग) मनुष्य के जीवन में बचत,आर्थिक फायदे, नफा-नुकसान आदि का महत्व है
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 45. दस लाख संगीनें मेरे भीतर वह खौफ पैदा नहीं करतीं, जो तीन छोटे अखबार। यह कथन किसका है
(क) नेपोलियन, फ्रांसीसी सेनानायक का (ख) महात्मा गांधी का
(ग) चेतन भगत का (घ) भारतेंदु हरिश्चन्द्र का

प्रश्न 46. कारोबार व्यापार और अर्थ जगत के क्षेत्र में विशेष लेखन करते समय पत्रकार को कोई एक खास क्षेत्र चुनना पड़ता है क्योंकि
(क) कारोबार ,व्यापार और अर्थ जगत का क्षेत्र काफी व्यापक है
(ख) सभी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करना कठिन है
(ग) क व ख दोनों
(घ) क व ख दोनों नहीं

प्रश्न 47. 'खेल पत्रकारिता' किस प्रकार का उदाहरण है ?
(क) वॉचडॉग पत्रकारिता (ख) खोजी पत्रकारिता
(ग) विशेषीकृत पत्रकारिता (घ) वैकल्पिक पत्रकारिता

प्रश्न 48. पेशेवर पत्रकारों के अलावा रक्षा ,विज्ञान आदि विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनलस भी विशेष लेखन का कार्य कर सकते हैं। क्योंकि
(क) वे उस क्षेत्र में कई वर्षों से काम कर रहे हैं
(ख) उस क्षेत्र का उन्हें वर्षों का अनुभव होता है
(ग) वे उस क्षेत्र या विषय की बारीकियां समझते हैं और विश्लेषण करने की क्षमता रखते हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 49. आर्थिक मामलों की पत्रकारिता सामान्य पत्रकारिता की तुलना में काफी जटिल क्यों है?
(क) आम लोगों को इसकी शब्दावलियों के बारे में ठीक से पता नहीं होता
(ख) आम लोगों को शब्दावलियों का अर्थ ठीक से पता नहीं होता
(ग) इन शब्दावलियां को आम लोगों की समझ में आने लायक कैसे बनाया जाए यह एक चुनौती है
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 50. विशेष लेखन और सामान्य लेखन के बीच मूल अंतर क्या है?
(क) तकनीकी शब्दावली का (ख) संक्षिप्त अक्षरों का
(ग) तारीखों का (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 51. आलेख का मूल उद्देश्य नहीं है?
(क) समाचार देना (ख) ज्ञान का विस्तार
(ग) मनोरंजन करना (घ) जानकारी देना

प्रश्न 52. पत्रकारीय लेखन में सर्वाधिक महत्व किस बात का है?
(क) लोगों को विश्वास में लाने का (ख) दिखावा करने का

(ग) समसामयिक घटनाओं की जानकारी का (घ) उपर्युक्त सभी का

प्रश्न 53. विशेष लेखन पद्धति कहां प्रचलित है ?

(क) शोध प्रबंध (ख) जन कल्याण संबंधी लेखन

(ग) जनसंचार के माध्यमों में (घ) शैक्षिक लेखन

प्रश्न 54. किसी भी विषय में निरंतर दिलचस्पी और सक्रियता आपको क्या बना सकती है?

(क) विषय विशेषज्ञ (ख) लेखक

(ग) स्तंभ लेखक (घ) पाठक

प्रश्न 55. बीट रिपोर्टिंग के लिए रिपोर्टर को किन शब्दों का ज्ञान होना चाहिए?

(क) साहित्यिक (ख) तकनीकी

(ग) गंभीर अलंकार युक्त शब्दों का (घ) उपर्युक्त सभी

| उत्तरमाला (पाठ 5- विशेष लेखन- स्वरूप और प्रकार) |
|---|
| उत्तर- 1.(ख) 2.(घ) 3.(ख) 4.(क) 5.(घ) 6.(घ) 7.(घ) 8.(क) 9.(ग) 10.(घ) 11.(घ) 12.(क) 13.(घ) 14.(घ) 15.(क) 16.(ग) 17.(ख) 18.(घ) 19.(घ) 20.(घ) 21.(ख) 22.(घ) 23.(घ) 24.(घ) 25.(घ) 26.(ग) 27.(क) 28.(घ) 29.(ख) 30.(घ) 31.(घ) 32 .(क) 33.(घ) 34.(ख) 35.(ग) 36.(क) 37.(घ) 38.(घ) 39.(घ) 40.(घ) 41.(घ) 42.(ग) 43.(ख) 44.(घ) 45.(क) 46.(ग) 47.(ग) 48.(घ) 49.(घ) 50.(क) 51.(ग) 52.(ग) 53.(ग) 54.(क) 55.(ख) |

******************************************************************************************